THE BHARAT SCOUTS & GUIDES

National Headquarters

Phones : 91-11-23370724, 23378667, 23378702, Fax : +91-11-23370126

Gram: FLEURDELIS, New Delhi-110 002

E-mail: info@bsgindia.org, Website : www.bsgindia.org

President : SHRI ASHOK GEHLOT, FORMER CHIEF MINISTER OF RAJASTHAN STATE

Chief National Commissioner : SHRI B.I. NAGARALE, IAS (Retd.)

Ref. No. B.S.G./N.H.Q./ PRO/1979/2015-16 — दिनांक/Dated: 02.10.2015

प्रेस–नोट

महात्मा गांधी जयंति पर स्वच्छ भारत हेतु "राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान"
हमें इस अभियान को कामयाब करना है : श्री बी. आई. नागराले, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त

नई दिल्ली। 2 अक्टूम्बर, 2015 को महात्मा गांधी जयंति के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत हेतु "राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान" के तहत पूरे भारतवर्ष में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने पूर्ण उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त माननीय श्री बी. आई. नागराले, सेवानिवृत्त भा.प्र.अ., के नेतृत्व में राष्ट्रीय मुख्यालय पर दिल्ली राज्य, उत्तर रेलवे राज्य एवं डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मौसम विहार, दिल्ली के स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स/रेंजर्स एवं अधिकारी/ कर्मचारीगण ने "राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान" में 02 अक्टूम्बर, 2015 को सहभागिता की।

इससे पूर्व सभागार में महात्मा गांधी की जयंति के अवसर पर मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त माननीय श्री बी. आई. नागराले, साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुवे उन्हें बताया कि आज हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 146 वीं जयंति के उपलक्ष्य में हम सफाई अभियान में हिस्सा लेने वाले है। राष्ट्रपिता ने हमे आजादी दिलाई थी, इस अवसर पर हम अलग–अलग हिस्सों में साफ–सफाई करेगें। हमे अपने व्यक्तित्व, परिवार, समाज और देश के प्रति स्वच्छता रखनी होगी। हमे इस अभियान को कामयाब करना है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने भी 1 वर्ष से हमारे भारत वर्ष में अच्छा काम किया है, स्वच्छता अभियान के तहत सभी सदस्य सफाई अभियान में हिस्सा ले रहे है तथा इसके लिये पूर्णतय प्रयासरत है। हमारे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपने को साकार करने के लिये वचनबद्ध होकर पूरी निष्ठा से इस अभियान को पूरे भारत वर्ष में चला रहे है।

श्री नागराले जी ने इस अवसर पर सभी से अपील की कि स्वच्छता आज ही के दिन न हो, हमें जीवन भर इसका अनुसरण करना है, हमें इस पर अमल करने के लिये अपने पड़ौसी, मित्रों एवं सहयोगियों को भी आग्रह कर अच्छे कार्यकर्त्ता बनना है।

निदेशक श्री के. सुकुमारा ने कार्यक्रम की शुरुवात में इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुवे कार्यक्रम में सहभाग करने हेतु प्रेरित किया। श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक (सह सेवायें) ने आभार व्यक्त करते हुए इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी श्री कृष्णा स्वामी, संयुक्त निदेशक (स्काउट), सुश्री सुमनलता, संयुक्त निदेशक (गाइड), श्री अमर क्षैत्री, उप निदेशक (बॉय प्रोग्राम) एवं श्री राजकुमार कौशिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्काउट्स/गाइड्स एवं अधिकारी/कर्मचारीगणों ने राष्ट्रीय मुख्यालय परिसर, मुख्य सड़क मार्ग, इन्द्रप्रस्थ मैट्रो स्टेशन से विकास मीनार तक की साफ–सफाई की तथा नारे लगाकर इस अभियान को सफल बनाया।

संलग्नः– 1. फोटोग्राफ

2/X/15

(के. सुकुमारा)
निदेशक

Creating a Better India